## अमृत स्टेशन कैसे बनेगा श्रीधाम

**गोटेगांव, देशबन्धु।** श्रीधाम रेलवे स्टेशन का भी भारत सरकार रेल मंत्रालय द्वारा अमृत भारत योजना के अन्तर्गत नवनिर्माण और कायाकल्प हो रहा है। इसका निर्माण का ठेका सागर के किसी ठेकेदार को दिया गया है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री और हल्के किस्म का मटेरियल का जादू अभी शुरू से ही सिर चढ़कर बोलने लगा है। ठेकेदार लापता है। उसे मतलब ही नहीं पूरा मजदूरों के भरोसे कार्य चल रहा है। जिससे प्लेटफार्म अप लाइन की दीवारें निर्माण के बाद ही दरकने लगी हैं। क्रैक मारने लगी हैं अर्थात दीवारों में दरारें आने लगी हैं। प्लेटफार्म पर लगाए जा रहे टाइल्स भी लगते ही उखड़ने लगे हैं। ऐसे में हमारा श्रीधाम रेलवे स्टेशन अमृत रेलवे स्टेशन कैसे बन पाएगा।

स्मरण हो कि यह रेलवे स्टेशन श्रीधाम का नाम ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज की देन हैं। जिससे यहां पर महाराज जी की तपोस्थली परमहंसी गंगा सिद्ध और आध्यात्मिक क्षेत्र में भगवती ललितांबा त्रिपुर सुंदरी मां के दर्शन के लिए देश विदेश भी दर्शनार्थी भी आते हैं लेकिन इस स्टेशन का दुर्भाग्य ही है कि घटिया निर्माण सामग्री से स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है जो की रेल यात्रियों सहित गोटेगांव नगर में भी जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है। जो की तस्वीरों में साफ साफ नजर आ रही हैं।

प्लेटफार्म क्रमांक तीन पर स्थित कैंटीन के बाजू से



### दीवारों में दरारें, निर्माण घटिया ठेकेदार बेखौफ, प्रशासन मौन

जबलपुर साइड बाउंड्री वाल क्रैक थी उस पर पालिश कर दिया और अधिकारी ने कहीं और की बाउंड्री बाल को चैंकिंग के दौरान खुलवा कर देखा जिससे समझ में आया कि अधिकारी की मिलीभगत भी ठेकेदारों के साथ है। उन दरारों पर पालिश करके दरारों को बंद कर दिया है परंतु इन सबके बावजूद निर्माण की क्या गारंटी है की कितने दिनों तक दीवार खड़ी रहेगी। क्या रेल विभाग यूं ही ठेकेदारों के हाथों लुटता रहेगा।

नगर में कुछ लोगों और रेल में यात्रा कर रहे लोगों का कहना है कि इस कार्य के ठेकेदार और रेल विभाग के आला अधिकारियों की मिली भगत की बू आ रही है जिससे रेल स्टेशन निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार के हौंसले बुलंद हैं वो कहता रहता है कि मीडिया वालों को जो छापना हो छाप दो एक नहीं पचास बार छापों हमारा कुछ होने वाला नहीं है। और कहता है कि ये बात डीआरएम को भी मालूम है। इसका क्या अर्थ निकाला जाए।

बाउंड्री वॉल के बारे में जानना चाहा तो ठेकेदार ने कहा कि ट्रेनों का दिन भर आने जाने से जो बायब्रेशन होता है उससे ही बाउंड्री वॉल क्रैक हो रही है। साथ ही ट्रेन से यात्रियों का आना जाना लगा रहता है जिससे टाइल्स सही नही बैठ पाते है और न ही सेट होते हैं जिससे वो भी उखड़ने लगते हैं अब इन बातों में कितनी सच्चाई है यह तो जानकार ही जानें। पिछले दिनों जांच हुई थी कहीं की दीवाल क्रैक थी उस पर सफेद पालिश करवा दिया था उसे खुदवा कर देखनी थी परंतु उनने कहीं और की दीवाल खुदवा कर देख ली इससे प्रतीत होता है कि इसमें अधिकारियों की भी मिलीभगत है।

## जल उपयोगिता समिति की बैठक

### नहरों की मरम्मत एवं साफ-सफाई के दिए निर्देश

**सिवनी, देशबन्धु।** सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में मंगलवार पांच नवंबर को आयोजित हुई जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रबी सिंचाई की कार्य योजना को लेकर चर्चा कर विभिन्न निर्णय लिए गए। बैठक में विधायक सिवनी दिनेश राय, विधायक केवलारी रजनीश सिंह, पूर्व विधायक केवलारी राकेश पाल, कलेक्टर संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, सहायक कलेक्टर पंकज वर्मा सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों एवं जल उपयोगिता समिति के पूर्व सदस्यों के साथ-साथ अन्य कृषक प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

बैठक में सर्वप्रथम कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग संभाग-01, तिलवारा बांय तट नहर संभाग केवलारी तथा कार्य पालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन परियोजना द्वारा उनके



संभाग अंतर्गत जिले में संचालित सिंचाई परियोजनाओं से प्रस्तावित सिंचाई लक्ष्य के बारे में अवगत कराने के साथ-साथ विधानसभावार मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजनाओं में जल भराव की स्थिति से अवगत कराया गया। इसके साथ ही साथ अंतिम छोर के किसान तक नहरों से पानी पहुंचाने के लिए विभाग द्वारा तैयार किए गए नहरों के मरम्मत तथा साफ-सफाई केलेंडर से भी अवगत कराकर क्षेत्रवार पानी पहुंचाने की प्रस्तावित तिथि से अवगत कराते हुए उपस्थितजनों से प्रस्ताव प्राप्त किए गए। बैठक में जनप्रतिनिधयों द्वारा नहरवार तथा क्षेत्रवार बताई गई सीपेज, ओवर फ्लो तथा विद्युत आपूर्ति जैसी समस्याओं के निराकरण को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा कृषक प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि किसानों को रबी मौसम में कम पानी की आवश्यकता वाली फसले बोआई के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

किसानों को मक्का के स्थान पर चना, मसूर, सरसों के उत्पादन की अपील कृषक प्रतिनिधियों की ओर से की जाए।

## सार-समाचार

### आईवीओ टीम ने शहीदों की याद में जलाए पांच दिनों तक 21-21 दिए

**सौसर, देशबन्धु ।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिवाली के पावन पर्व पर इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन टीम के सदस्यों ने अपनी थीम को बरकरार/जाग्रत रखते हुए भारतीय सीमाओं पर पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर योद्धाओं की याद में पूरे पांच दिन तक लगातार 21 , 21 दीपक जलाकर शहीदों को याद कर नमन किया , साथ ही आई वी ओ टीम के पूर्व सैनिकों ने जय स्तंभ के पास ही ग्रुप में दिवाली मनाई और भारत माता की जय और शहीद जवान अमर रहे के गगन भेदी नारे लगाए गए। इस पांच दिन की मुहिम को बरकरार रखा हमारे सक्रिय और कर्तव्यनिष्ठ सदस्यों ने, जिनमें राजेश्वर परतेती साहब, अरुण धुर्वे, विलास आमने साहब, रमेश गौतम सहाब,रत्नाकर अंबडकर, प्रदीप कलसकर सा. ने निरन्तर अब प्रतिदिन स्वविवेक से अपनी उपस्थिति दी । वरिष्ठ नागरिक व हर बार साथ आने वाले पुरुषोत्तम कलसकर जी भी 5 दिन उपस्थित रहे थे।

### महाराष्ट्र प्रांत के सीमावर्ती क्षेत्रों में 18 से 20 तथा 23 नवंबर को मदिरा विक्रय प्रतिबंधित

**सिवनी, देशबन्धु ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संस्कृति जैन ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 62 (2) के अंतर्गत सिवनी जिले के सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र के जिला-नागपुर में विधान सभा मतदान 20 नवंबर 2024 एवं मतगणना 23 नवंबर 2024 को होने से महाराष्ट्र प्रांत की सीमावर्ती क्षेत्र की 03 किलोमीटर की परिधि में आने वाली कम्पोजिट मदिरा दुकान खवासा को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व अर्थात दिनांक 18 नवंबर 2024 को शाम 06 बजे से 20 नवंबर 2024 को मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना दिनांक 23 नवंबर 2024 को बंद रखे जाने तथा मदिरा विक्रय निषिद्ध किए जाने के आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन द्वारा उक्त शुष्क दिवसों में मदिरा का अवैध आसवन, अधिपत्य, परिवहन, क्रय एवं विक्रय न किये जाने तथा आसपास के क्षेत्रों से मदिरा की तस्करी न हो, इसका समुचित ध्यान रखे जाने हेतु आबकारी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

### अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई जारी

**सिवनी, देशबन्धु ।** कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देश पालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग के दल द्वारा 28 अक्टूबर से 03 नवंबर 2024 तक वृत्त उत्तर में 04 प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए 38200 रू. अनुमानित मूल्य की 55.0 ब.ली. मदिरा एवं 250 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इसी तरह वृत्त दक्षिण में 07 प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए 13920 रू. अनुमानित मूल्य की 58.0 ब.ली. मदिरा एवं 00 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। वृत्त शहर में 02 प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए 2153 रू. अनुमानित मूल्य की 07.98 ब.ली. मदिरा एवं 00 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। वृत्त लखनादौन में 02 प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए 2042 रू.अनुमानित मूल्य की 07.34 ब.ली.मदिरा एवं 00 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। वृत्त घंसौर में 01 प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए 1750 रू. अनुमानित मूल्य की 05.0 ब.ली. मदिरा एवं 00 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

### झिरी कला तालाब में मिला शव

**गोटेगांव, देशबन्धु।** पुलिस चौकी ज्योतिश्वर के अंतर्गत एक अज्ञात व्यक्ति का शव नदिया बंधान एवं ग्राम झिरी कला तालाब के किनारे उतराता हुआ मिला है। पुलिस चौकी ज्योतिश्वर चौकी प्रभारी दिलीप सिंह एवं एएसआई सुरेश धुर्वे ने मौके पर पहुंचकर की जांच शुरू की है। वहीं पुलिस चौकी झोतेश्वर प्रभारी द्वारा बताया गया कि अभी जांच चल रही है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### कृषि वैज्ञानिकों ने रबी फसलों के बेहतर उत्पादन हेतु दिया प्रशिक्षण

**सिवनी, देशबन्धु ।** प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के दर्पण सभागार में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में एवं परियोजना नोडल अधिकारी डॉ. निखिल सिंह वैज्ञानिक द्वारा तिलहन समूह अंतिम पंक्ति प्रदर्शन अंतर्गत तिलहन रबी 2024.25 कृषक प्रशिक्षण अंतर्गत सिवनी जिले के ग्राम उडेपानी, विजयपानी, खैरांझी, परतापुर, कटंगी, पाथरफोडी के किसानों को सरसों की नवीनतम किस्म आर एच 761 एवं बीजोपचार हेतु जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय की जैव उर्वरक केंद्र द्वारा निर्मित जवाहर ट्राईकोडर्मा जैव उर्वरक प्रदान किया गया। बीज एवं जैवउर्वरक वितरण कार्यक्रम में केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल ने महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी प्रदान की।

## भक्तिभाव से मनाया महावीर भगवान का निर्वाण दिवस

**छपारा, देशबन्धु।** पूज्य मुनि अजय सागर महाराज के परम सानिध्य में दीपावली महापर्व पर छपारा में मुनि श्री का छठवां दीक्षा दिवस एवं भगवान महावीर स्वामी का 2550वां निर्वाण महोत्सव भक्ति भाव व उत्साह पूर्वक मनाया गया ।

इस अवसर पर सुबह बड़े बाबाजी का महामसतिकाभिषेंक पूजन अर्चन एवं निर्वाण लाडू चढ़ाए गए । सभी श्रावकों ने अपने अपने घरों को सजाकर दीपावली की आरती पूजन की मन्दिर जी को भी अनेक तोरणों झालरों से सजाया गया ।

**मुनि अजय सागर महाराज का मनाया गया दीक्षा दिवस** - छपारा में चातुर्मास कर रहे मुनि अजय सागर महाराज का छठवां दीक्षा दिवस श्री दिगम्बर जैन मंदिर में भक्ति भाव के साथ मनाया गया । मुनि श्री ने इस अवसर पर अपने प्रवचन में ग्रहस्थ जीवन से लेकर जैनेश्वरी दीक्षा एवं मोक्ष मार्ग पर बढ़ते अपने मार्मिक संस्मरण सुनाए जिसे सुनकर सभी श्रावक गण भाव-विभोर हो गये ।

मुनि श्री ने बताया कि ग्रहस्थ जीवन की उनकी मां ने बार बार मन्दिर जी में धर्म की क्लासों में पहुंचाया और स्वयं दुकान पर बैठ जाया करती थीं वे धार्मिक संस्कार फलीभूत होते चले गए ।

छपारा में सानंद सम्पन्न हो रहे इस चातुर्मास के लिए सकल दिगम्बर जैन



समाज को अपना वृहद आशीर्वाद दिया एवं जाने अनजाने हुई त्रुटियों के लिए सभी समाज से चराचर जीवों से अपनी क्षमा याचना की साथ ही छपारा समाज के सभी

महिलाएं पुरूष एवं पदाधिकारियों ने भी भी महाराज श्री जी से अपनी क्षमा याचना व्यक्त की ।

कार्यक्रम का प्रारंभ आचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं गुरु पूजन से तथा समापन जिनवाणी माता की स्तुति से हुआ मंगलाचरण ब्रह्मचारिणी दीदी ने किया एवं प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए ।

आपने अपने शिक्षा दीक्षा गुरु का बड़ा उपकार जताया और भाव विभोर होकर कहा कि उन्होंने मुझे दीक्षा देकर आत्मकल्याण के लिए मोक्ष के मार्ग को प्रशस्त किया । इगुरुदेव ने मुझ पर बड़ा उपकार किया ।

आपके ग्रहस्थ जीवन के माता पिता का नाम कमला देवी एवं श्रावक श्रेष्ठी राजेन्द्र कुमार था । आपके शिक्षा गुरु सन्त शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी थे । पहले दो प्रतिमाएं से नौ प्रतिमाएं तक लेकर धर्म साधना की एवं अध्यापन कार्य किया ।

4 मार्च 2018को आपने घर का त्याग कर दिया था । आचार्य श्री जी से आशीर्वाद प्राप्त कर आप दस साल से अधिक नेमावर जी आश्रम में रहे प्रथम एवं दूसरी प्रतिमा 3 जनवरी 1996अयोधया जी एवं 25 जून 2004 को करकबेंल जिला नरसिंहपुर में आचार्य विद्यासागर महाराज से ग्रहण की आपका पूर्व नाम ब्रह्मचारी राकेश भैया गोटेगांव जिला नरसिंहपुर था आपको नेमावर से आचार्य श्री जी ने 3 अक्टूबर 2019को दीक्षा हेतु आशीर्वाद दिया और आपकी दीक्षा आचार्य वर्धमान सागर ने 30 अकटूबर 2019को दक्षिण प्रान्त के कस्बे डिग्रज सांगली में सम्पन्न हुई ।

आपका प्रथम चातुर्मास 2020सतना मध्यप्रदेश 2021नादरे महाराष्ट्र 2022 शिरगुपपी 2023सदलगा दक्षिण एवं अब 2024 में छपारा जिला सिवनी मध्यप्रदेश में सम्पन्न हो रहा है।

## 17 करोड़ की लागत का वैश्य भवन भोपाल में बनकर तैयार

**गोटेगांव, देशबन्धु।** प्रदेश के सबसे बड़े सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश का वैश्य कल्याण भवन भोपाल में 17 करोड़ की लागत से निर्मित हो चुका है भवन पूर्णता की ओर है सभी के सहयोग से है कार्य हुआ है । गत दिवस सत्य सदन नरसिंहपुर में प्रदेश महामंत्री संदेश जैन को नरसिंहपुर एवं करेली के वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के सदस्यों के द्वारा दान दी गई राशि के कूपन प्रदेश मंत्री सुनील कोठारी जी के द्वारा जमा किए गए इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बी डी सोनी, गोटेगांव अध्यक्ष पंकज जैन जिला उपाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल भी उपस्थित रहे ।





जिला मीडिया प्रभारी संजय राय ने बताया कि सभी के उपयोग के लिए यह बहुत बड़ा विशाल भवन बना है जिसका कार्य पूर्णता की ओर है अति शीघ्र इसका उद्घाटन होना है संभवत है जनवरी में नए वर्ष में इसमें प्रथम बैठक होगी जिला अध्यक्ष बी डी सोनी ने बताया कि करेली एवं नरसिंहपुर से तहसील अध्यक्ष संजय ब्रजपुरिया, इंजीनियर के के सोनी द्वारा उन्हें जो कूपन प्राप्त हुए थे । वह राशि के साथ जमा कर दिए हैं अति शीघ्र अन्य तहसीलों के भी सामान्य सदस्यों के द्वारा यथासंभव सहयोग राशि देकर कूपन जमा कर दिए जाएंगे, निश्चित रूप से यह वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के प्रत्येक सदस्य के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है अतः सभी को इसमें यथासंभव सहयोग करना चाहिए।

## वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**सिवनी, देशबन्धु।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के निदेशन में विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 04.11.2024 से 09.11.2024 तक आयोजित होने वाले न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत मंगलवार 05 नवंबर 2024 को सहारा वृद्धाश्रम सिवनी एवं बारापत्थर वृद्धाश्रम सिवनी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में कुल 42 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में श्री विशाल निखारे, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिवनी, श्री हीरालाल सनोड़िया असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिवनी, पैरालीगल वालेंटियर्स श्री अरूण बघेल, श्रीमती पार्वती डहेरिया, एवं श्री सुनील मंजेकर उपस्थित रहे।

## विधिक सेवा सप्ताह में रैली व शिविर



**गोटेगांव, देशबन्धु।** सदस्य सचिव मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एक सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर (म.प्र.) के निर्देशानुसार न्यायालय की तहसील विधिक सेवा समिति, गोटेगांव द्वारा 06नवम्बर.2024 को प्रातः 10 बजे तहसील गोटेगांव में स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में चित्रकला, निबंध, प्रश्नोत्तरी की प्रतियोगिता कराई एवं दोपहच 12 से दोपहर 02 बजे तक झोतेश्वर वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया आयोजित रैली में तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव के यशस्वी अध्यक्ष / न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय बॉबी सोनकर, विद्यालय के प्रिंसिपल एवं उनका स्टाफ, न्यायालयीन कर्मचारीगण पैरालीगल वालेंटियर शाहिल मेहरा एवं सीएमराईज स्कूल के विद्यार्थी, आदि उपस्थित रहें।

आयोजित शिविर न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह के तहत विधिक सेवा योजनाओं क प्रचार प्रसार एवं उक्त योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में विहित प्रक्रिया की जानकारी तथा जनसामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने एवं न्याय के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## जनसुनवाई में प्राप्त हुए 113 आवेदन

**सिवनी, देशबन्धु ।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सी एल चिनाप, अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

मंगलवार 05 नवंबर को आयोजित हुई जिलास्तरीय जनसुनवाई में ग्राम मलांजपुर थाना कान्हीवाडा निवासी प्रिंयका साकरे द्वारा मकान बनाने हेतु शासकीय भूमि दिलाए जाने विषयक, ग्राम खंडासा तहसील कुरई निवासी मीरा बाई द्वारा भूमि के किए गए सीमांकन को रद्द किए जाने विषयक, ग्राम मेहता तहसील घंसौर निवासी जगन्नाथ वर्मन एवं मछुआ कमेटी द्वारा अपर मेहता जलाशय का पानी रोके जाने विषयक, ग्राम फुलारा निवासी कोमल प्रसाद सनोडिया द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना सूची में नाम दर्ज कराए जाने विषयक, मंगलीपेठ निवासी फुलबाई ठाकुर द्वारा चार माह से पेंशन प्रकरण का निराकरण न होने विषयक, ग्राम चीडी तहसील धनौरा निवासी नाहिद अलि द्वारा मकान क्षतिग्रस्त होने पर आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने विषयक, ग्राम सिरोली तहसील केवलारी निवासी दिनेश



कुमार सरयाम द्वारा निशक्त विवाह प्रोत्साहन राशि दिलाए जाने विषयक, ग्राम मानेगांव थाना डूंडासिवनी निवासी कमलसिंह राजपूत द्वारा गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाए जाने विषयक, सिवनी निवासी राजकुमारी ठाकुर द्वारा मुख्यमंत्री बाला संवर्धन योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, ग्राम कुडोपार तहसील बरघाट निवासी नवीन कुमार गुप्ता द्वारा शामिल शरीक खाते की भूमि पर धान पंजीयन किए जाने विषयक, भगतसिंह वार्ड निवासी रफीक कुरैशी द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने विषयक, ग्राम नरेला तिघरा निवासी पितपालसिंह बघेल द्वारा शासकीय भूमि का पट्टा दिलाए जाने विषयक, शास्त्री वार्ड सिवनी निवासी रमेश डेहरिया द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, ग्राम तिघरा नरेला निवासी शिवदयाल यादव द्वारा आबादी घास भूमि पर निर्मित मकान का पट्टा दिलाए जाने विषयक, ग्राम गोपालगंज निवासी हरिप्रसाद साहू द्वारा किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाए जाने विषयक, सिवनी निवासी राजेश पाल एवं समस्त जिला सह संयोजक द्वारा घुमंतु समुदाय के लोगो का जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने विषयक सहित कुल 113 आवेदन प्राप्त हुए।

जिनके नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश कलेक्टर संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 07 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। कार्तिक शुक्ल पक्ष की सप्तमी, नक्षत्र-ऊ.भा.।**

**मेष** – आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ** – सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन** – आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। `क-

**कर्क** – व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह** – प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है।

**कन्या** – आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें।

**तुला** – नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा।

**वृश्चिक** – निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें।

**धनु** – आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

**मकर** – कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ** – आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन** – आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

म.